अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रतिवेदन

विषय:- युवा महोत्सव शिखर

दिनांक:- 17 फरवरी से 18 फरवरी, 2018

//प्रतिवेदन//

युवा महोत्सव शिखर

दिनांकः— 17 फरवरी से 18 फरवरी 2023 तक

दो दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव शिखर 2018 का शुभारंभ दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2018 को प्रो. केदारनाथ सिंह यादव, कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) के मुख्य अतिथ्य में प्रारंभ हुआ। प्रारंभ में मंचस्थ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर तथा मां सरस्वती जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी।

प्रथम दिवस वाद—विवाद प्रतियोगिता तथा बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओं विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस दो दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव में 45 महाविद्यालय के लगभग 320 प्रतिभागियों ने कुल 10 विधाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 18 फरवरी, 2018 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग समारोह, आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह के साथ प्रारंभ हुआ। इस समारोह में माननीय श्री लखन लाल साहू जी, सांसद लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर, मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दामोदर गणेश बापट जी (प्रतिष्टि नागरिक अलंकरण, पदमश्री हेतु नामित) एवं श्रीमती ऋतु वर्मा (सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका) उपस्थित थे। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि महोदय तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. डी. शर्मा ने संबोधित किया। पद्मश्री हेतु नामित श्री दामोदर गणेश बापट जी ने भी युवाओं को संदेश देते हुये कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में वे आगे आयें। इस मौके पर बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. डी. शर्मा द्वारा समाजसेवी श्री दामोदर गणेश बापट जी को अभिनंदन पत्र तथा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा किये गये उल्लेखनिय कार्य को याद किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. एच.एस. होता ने स्वागत भाषण देते हुये जानकारी दी कि इस युवा महोत्सव के कुल 10 विधाओं में 45 महाविद्यालय के 320 छात्र—छात्राओं ने भाग लिया। आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत के द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती ऋतु वर्मा के पंडवानी गायन से हुआ, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इसके पश्चात् विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुये प्रतिभागियों के द्वारा कुल 08 विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर निम्नानुसार 10 विधाओं के विजेताओं को माननीय

कुलपति महोदय, प्रो. जी. डी. शर्मा के द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। अंत में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. एच. एस. होता ने समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण सुश्री श्रिया साहू, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. पूजा पाण्डेय, श्री गौरव साहू, डॉ. सीमा बेलोरकर, प्रो. लतिका भाटिया, प्रो. हामिद अब्दुल्ला, प्रो. हरि जॉर्ज, श्री जीतेन्द्र गुप्ता, प्रो. रश्मि गुप्ता, प्रो. यशवंत पटेल, श्री संजय बघेल, श्री मनीष सक्सेना, श्री विकास शर्मा, गोविन्द कुमार कैवर्त्य एवं गुलाब सिंह डहरजी का विशेष सहयोग रहा।

बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
शिखर
2018